# यूएसडीटी के बहाने युवक से 7 लाख लूटे

- खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर की वारदात
- पुलिस ने 36 घंटे में छह आरोपियों को किया गिरफ्तार
- एक वकील भी निकला साजिश में शामिल, एक आरोपी फरार



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** यूएसडीटी देने के नाम पर एक युवक को साकेत चौराहे बुलाया और सुनसान गली में ले जाकर खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर 7 लाख रुपए लूट लिए. पुलिस ने 36 घंटे में वारदात का खुलासा कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों में एक वकील भी शामिल है. आरोपियों ने लूट की योजना बंगाली चौराहे के कैफे में बनाई थी. एक आरोपी की तलाश की जा रही है.

गिरफ्तार आरोपियों में आयुष सिंह पंवार उम्र 22 साल, कुलदीप सिंह थापा उम्र 22 साल, विशाल शर्मा उम्र 25 साल, शशांक परदेशी उम्र 23 साल, दीपेश सोलंकी उम्र 32 साल और एडवोकेट आशुतोष प्रधान उम्र 26 साल शामिल हैं. सभी इंदौर के अलग-अलग क्षेत्रों के रहने वाले हैं. मामले में मोनू उर्फ विवेक परदेशी की तलाश की जा रही है. पुलिस के अनुसार, अभय तिवारी को यूएसडीटी की जरूरत थी. आरोपियों ने इसी का फायदा उठाकर उससे संपर्क किया और 7 लाख रुपए की नकदी लेकर साकेत चौराहे बुलाया. अभय अपने दोस्त हर्ष के साथ वहां पहुंचा. आरोपी उसे रकम गिनने और यूएसडीटी देने के बहाने पास की सुनसान गली में ले गए. वहां पहले से मौजूद दो युवकों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए अभय से मारपीट की और 7 लाख रुपए छीनकर भाग गए.

बंगाली चौराहा के कैफे से मिला सुराग-शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया. फरियादी के बताए हुलिए और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच बंगाली चौराहे के पास स्थित द टी चैप्टर कैफे तक पहुंची. पुलिस को यहां कुछ संदिग्धों की लगातार आवाजाही मिली. जांच में आयुष और कुलदीप की घटना वाले दिन वहां मौजूदगी भी सामने आई.

## आरोपियों ने योजना बनाकर दिया लूट को अंजाम



योजना के मुताबिक रकम की पुष्टि होने के बाद अभय को सुनसान गली में ले जाना था. वहां आशुतोष और दीपेश को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर पहुंचना था. उनके पहुंचते ही शशांक और विशाल को भागना था, ताकि अभय को वास्तविक पुलिस कार्रवाई का भ्रम हो. जरूरत पड़ने पर आयुष और कुलदीप को दोनों की मदद करनी थी. लूट की रकम आपस में बांटने की योजना थी.

### आरोपियों से पूछताछ की जा रही है...

लूट की घटना का 36 घंटे में खुलासा कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों से लूटी गई रकम बरामद हुई है. फरार आरोपी की तलाश और शेष रकम की बरामदगी के लिए पूछताछ की जा रही है.

**अभिषेक रंजन, डीसीपी जोन 3**

पुलिस ने दोनों से पूछताछ की, लेकिन वे लगातार गुमराह करते रहे. उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए टीम लगाई गई. शुक्रवार को खजराना सर्विस रोड पर दो संदिग्ध पुलिस को देखकर एक्टिवा से भागने लगे. कुछ दूरी पर एक्टिवा गिरने से दोनों घायल हो गए. पुलिस ने उन्हें पकड़ा और उपचार के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया. पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान शशांक परदेशी और विशाल शर्मा के रूप में हुई. दोनों से पूछताछ में लूट की पूरी योजना सामने आई.

### शशांक और विशाल ने साथियों के साथ वारदात करना कबूला

शशांक परदेशी और विशाल शर्मा ने पूछताछ में बताया कि वारदात में उनके साथ एडवोकेट आशुतोष प्रधान, दीपेश सोलंकी, आयुष सिंह पंवार और कुलदीप सिंह थापा भी शामिल थे. इसके बाद पुलिस ने चारों को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों से लूटी गई रकम बरामद की गई है, जबकि कुछ रकम अभी बरामद होना बाकी है. जांच में सामने आया कि शशांक के भाई मोनू उर्फ विवेक परदेशी को अभय के यूएसडीटी ट्रेडिंग करने की जानकारी थी. उसी के जरिए आरोपियों को पता चला कि अभय को बड़ी मात्रा में यूएसडीटी चाहिए. इसके बाद शशांक और विशाल ने उससे वॉट्सएप कॉल पर संपर्क कर भरोसा जीता और नकदी लेकर साकेत चौराहे बुलाया.

## पत्नी को साथ नहीं भेजा तो दामाद ने ससुर का सिर फोड़ा

**इंदौर.** पत्नी को साथ भेजने की बात को लेकर हुए विवाद में दामाद ने ड्यूटी कर रहे अपने 61 वर्षीय ससुर के सिर पर लोहे की हथौड़ी मार दी. हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. मालवीय नगर निवासी नारायण तिलवे अयोध्यापुरी कॉलोनी में चौकीदारी करते हैं. तड़के करीब 4 बजे उनका दामाद राहुल कलमे निवासी नया बसेरा, छोटी खजरानी वहां पहुंचा. राहुल अपनी पत्नी भारती को साथ भेजने की बात को लेकर नारायण से बहस करने लगा. विवाद बढ़ने पर नारायण ने गाली गलौज का विरोध किया. इस पर राहुल ने लोहे की हथौड़ी निकालकर उनके सिर पर वार कर दिया. हमले में नारायण घायल होकर गिर पड़े. इसके बाद राहुल मौके से भाग गया. परिजनों ने घायल नारायण को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया. शिकायत पर एमआईजी पुलिस ने राहुल कलमे के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

# स्क्रैप कारोबारी अल्ताफ अंसारी के गोदाम पर क्राइम ब्रांच का छापा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** चोरी के वाहनों की कटिंग कर उनके पार्ट्स बेचने की सूचना पर क्राइम ब्रांच ने स्क्रैप कारोबारी अल्ताफ अंसारी के गोदाम पर छापा मारा. टीम गोदाम में मौजूद वाहनों और उनके पार्ट्स की जांच कर रही है.

इंजन और चेसिस नंबर के साथ वाहनों के दस्तावेज भी खंगाले जा रहे हैं. जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि गोदाम में चोरी के वाहनों की कटिंग की जा रही थी या नहीं. क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि अल्ताफ अंसारी के स्क्रैप गोदाम में चोरी के वाहन लाकर



उनकी कटिंग की जाती है और कलपुर्जे अलग कर बाजार में खपाए जाते हैं. सूचना के आधार पर टीम ने गोदाम पर दबिश देकर परिसर में रखे वाहनों की जांच शुरू की. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने गोदाम में रखे वाहनों, कटी हुई बॉडी और अलग-अलग रखे पार्ट्स की जानकारी जुटाई. वाहनों के दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है. इसके अलावा इंजन और चेसिस नंबरों को पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज चोरी के वाहनों से मिलाया जा रहा है.

# एमडी ड्रग्स मामले में फरार आरोपी प्रॉपर्टी ब्रोकर धराया

- हत्या से लेकर वसूली तक के 12 पुराने मामले दर्ज हैं आरोपी पर
- ड्रग्स तस्करी मामले में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में नाम सामने आने पर हो गया था फरार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** 10.10 ग्राम एमडी ड्रग के मामले में फरार चल रहे 49 वर्षीय प्रॉपर्टी ब्रोकर राकेश तंवर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है. उसके खिलाफ इंदौर के अलग-अलग थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, वसूली, अवैध हथियार, धमकी और मारपीट समेत 12 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. ड्रग मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान राकेश की



भूमिका सामने आई थी.

क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2025 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में चिराग सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10.10 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की थी. इसकी कीमत करीब 1.10 लाख रुपए बताई गई है. उसके पास से होंडा एक्टिवा भी जब्त की गई थी. जांच के दौरान राकेश तंवर का नाम सामने आने के बाद से वह फरार था. मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने उसे गिरफ्तार कर लिया. राकेश समाजवादी इंद्रानगर का निवासी है और प्रॉपर्टी ब्रोकिंग का काम करता है.

**पूछताछ की जा रही है...** डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी ने इस संबंध में बताया कि एमडी ड्रग के मामले में आरोपी राकेश तंवर को गिरफ्तार किया है. उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जानकारी मिली है. आरोपी से ड्रग के स्त्रोत, सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

### ये है आरोपी का आपराधिक रिकार्ड...

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उसके खिलाफ वर्ष 2004 से आपराधिक मामले दर्ज हैं. वर्ष 2007 से 2011 के बीच उसके खिलाफ मल्हारगंज, चंदननगर, तुकोगंज और अन्नपूर्णा थानों में मारपीट, वसूली, धमकी, घर में घुसने, बलवा और आर्मस एक्ट के कई मामले दर्ज हुए. वर्ष 2008 में एरोड्रम थाने में हत्या और हत्या के प्रयास का गंभीर मामला भी दर्ज हुआ था. इसके बाद वर्ष 2023 में एरोड्रम और 2024 में बाणगंगा थाने में भी उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज हुए. करीब दो दशक में उसके खिलाफ 12 मामले दर्ज होना सामने आया है. अब एमडी ड्रग मामले में गिरफ्तारी के बाद क्राइम ब्रांच उससे ड्रग के स्रोत, सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है.

## एक नजर में

### महू में श्रीराम कथा महोत्सव में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**महू.** हरिओम वाटिका महू में श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन 2 से 10 अगस्त तक किया जा रहा है. वृंदावन धाम के श्री पुरुषोत्तम शरण महाराज के मुखारविंद से होने होने वाली कथा को सुनने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन वाटिका पहुंच रहे हैं. दोपहर 2 बजे से शाम 6 तक चलने वाली श्रीराम कथा में भगवान श्रीराम के जीवन के अनेक प्रसंगों को सुनाकर समाज व संस्कृति को कैसे अच्छा बनाया जाए, परिवार कैसे अच्छा बने, समाज और राष्ट्र के लिए हमारे कर्तव्य क्या हैं आदि विषयों पर कथा के माध्यम से श्रोताओं को संदेश दिया जा रहा है. कथा के माध्यम से परिवार, समाज व राष्ट्र कल्याण की प्रेरणा दी जा रही है. भगवान राम का जीवन चरित्र और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है. राम कथा महोत्सव का आयोजन श्री हीरालाल प्रजापति, श्रीमती तुलसी देवी प्रजापति और परिवारजनों द्वारा आयोजित किया जा रहा है.

### बिजली विभाग के एल्यूमिनियम तारों की चोरी का खुलासा



**इंदौर.** बेटमा क्षेत्र में लगातार हो रही दोपहिया वाहनों, बिजली के तारों और पानी की मोटरों की चोरी की घटनाओं के बीच शुक्रवार को ग्रामीणों और किसानों की सतर्कता से कथित चोरी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ। गुरुवार रात क्षेत्र के करीब 15 गालों से बिजली के तार चोरी होने के बाद शुक्रवार सुबह किसानों ने घटनास्थल पर मिले पैरों के निशानों का पीछा किया, जो उन्हें छोटा बेटमा स्थित एक गोदाम तक ले गए। किसानों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस स्पेशल एवं बिजली विभाग को दी. इस पर पुलिस ने गोदाम की तलाशी ली, जहां से बड़ी मात्रा में बिजली के एल्यूमिनियम तार सहित अन्य सामान बरामद हुआ. इसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद अली खिलजी उर्फ मामू कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया. जानकारी के अनुसार, गुरुवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने क्षेत्र के करीब 15 गालों से बिजली के तार काटकर चोरी कर लिए थे। शुक्रवार सुबह किसानों को चोरी का पता चला.

### घर के बाहर खड़ी बुलेट बाइक चोरी




**बेटमा.** इंदौर देहात के बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम छोटा बेटमा में घर के बाहर खड़ी एक महंगी बुलेट मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है. फरियादी सोहेल खान निवासी छोटा बेटमा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. फरियादी सोहेल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वे खेती-किसानी का काम करते हैं। 5 अगस्त 2026 की रात को उन्होंने अपनी मैट ब्लैक रंग की बुलेट मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी-09-एजी-1741, 2025 मॉडल) अपने घर के बाहर लॉक करके खड़ी की थी. रात करीब 2 बजे जब वे उठे, तब बाइक वहीं खड़ी थी. लेकिन जब सुबह करीब 4 बजे मंडी जाने के लिए बाहर निकले, तो घर के बाहर से बुलेट गायब थी. काफी खोजबीन और आसपास तलाश करने के बाद भी जब वाहन का कोई पता नहीं चला, तो फरियादी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई. जांच अधिकारी कार्यवाहक प्रधान आरक्षक सुभाष चौहान ने बताया पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश और बाइक की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं.

# प्रेमी की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने छत से कूदकर दी जान

- मौत को हादसा बताकर गुमराह करता रहा प्रेमी
- जांच उपरांत पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया केस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** एमआईजी थाना क्षेत्र के आंबेडकर नगर में 2 अगस्त को हुई युवती की मौत सड़क हादसा नहीं, बल्कि प्रेमी की प्रताड़ना के चलते आत्महत्या का मामला निकला. युवती ने इमारत की छत से कूदकर जान दे दी थी. इसके बाद प्रेमी ने मौत को हादसा बताकर परिजनों और डॉक्टरों को गुमराह करने की कोशिश की. मर्ग जांच में सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज किया है.

पुलिस के मुताबिक, मृतका निकिता पिता विश्वनाथ शहर में निजी नौकरी करती थी. वह आंबेडकर नगर निवासी विकास गुर्जर उर्फ विराट के साथ संबंध में थी. पुलिस जांच में सामने आया कि विकास के व्यवहार को लेकर निकिता परेशान थी. 2 अगस्त को दोनों के बीच विवाद हुआ. इसके बाद निकिता ने इमारत की छत से छलांग लगा दी. गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई थी. घटना के बाद विकास ने निकिता के परिजनों और अस्पताल के डॉक्टरों को उसके एक्सीडेंट में घायल होने की बात बताई.

# कंटेनर की टक्कर से स्कूटर सवार अधेड़ की मौत, साथी गंभीर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** खुड़ैल थाना क्षेत्र में इंदौर-नेमावर रोड पर दो फाटा के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने स्कूटर को टक्कर मार दी. हादसे में स्कूटर सवार दो लोग घायल हो गए. दोनों को निजी अस्पताल ले जाया, जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गई. दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया है. ग्राम धमनाय निवासी गोविंद पिता ओमप्रकाश कुमावत ने पुलिस को बताया कि उनके फूफा रूपनारायण और अभिषेक स्कूटर से नेमावर रोड की ओर जा रहे थे. इसी दौरान सामने से आ रहे कंटेनर नम्बर जीजे 01 केटी 1034 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटर को टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर जा गिरे. हादसे के बाद राहगीरों ने दोनों को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया. उपचार के दौरान रूपनारायण ने दम तोड़ दिया, जबकि अभिषेक का इलाज जारी है. उसकी हालत गंभीर बताई गई है. सूचना मिलने पर खुड़ैल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पुलिस ने केस दर्ज किया है.

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**इंदौर.** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के टपाल घाटी में तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार 19 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी. हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी है.

मृतक की पहचान मोरोद फाटा निवासी शिवा पिता राधेश्याम के रूप में हुई है. शिवा बाइक से टपाल घाटी मार्ग से गुजर रहा था. इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर लगने से शिवा सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया था. हादसे के बाद आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलने पर तेजाजी नगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.



## सड़क पर पड़े घायल को महिला आरक्षक ने दिया प्राथमिक उपचार

**इंदौर.** कलश चौराहे पर सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को सड़क पर पड़ा देख यातायात पुलिस की महिला आरक्षक अरुणा ढाकरे ने अपना वाहन रोककर उसकी मदद की. उन्होंने फर्स्ट एड किट से घायल को प्राथमिक उपचार दिया और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई. परदेशीपुरा क्षेत्र के कलश चौराहे पर शुक्रवार को एक व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल होकर सड़क पर पड़ा था. इसी दौरान वहां से गुजर रहीं यातायात पुलिस की आरक्षक अरुणा ढाकरे की नजर उस पर पड़ी. उन्होंने वाहन रोककर घायल के पास पहुंचकर उसकी स्थिति देखी और तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया. आरक्षक ने अपने पास मौजूद फर्स्ट एड किट से घायल का उपचार किया, जिससे उसे तत्काल राहत मिली.

# डीलरशिप का झांसा देकर कारोबारी से एक करोड़ हड़पे

- दो कंपनियों के डायरेक्टरों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज
- 28.50 लाख मार्जिन मनी लौटाने के बाद कर दिया कारोबार बंद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** गुजरात में डीलरशिप देने का झांसा देकर कारोबारी से एक करोड़ रुपए लेने के बाद न माल दिया और न मूल रकम लौटाई. जुलाई 2022 तक 28.50 लाख रुपए डिस्ट्रीब्यूटर मार्जिन मनी के रूप में देने के बाद भुगतान बंद कर दिया गया. रकम मांगने पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी. क्राइम ब्रांच ने इंदौर की दो कंपनियों के डायरेक्टरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, झालोद,



जिला दाहोद निवासी कमलेश अग्रवाल ने क्राइम ब्रांच के डीसीपी कार्यालय में शिकायत की थी. इसमें बताया कि इंदौर की मेसर्स आईएचएल मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड और इन्फुटेक हेल्थकेयर लिमिटेड के डायरेक्टर आदित्य गुप्ता और मनोहरलाल गुप्ता ने गुजरात क्षेत्र की डीलर-डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने का प्रस्ताव दिया था. इसके लिए दोनों कंपनियों के संचालकों ने उनसे 50-50 लाख रुपए जमा करवाए. इस तरह कुल एक करोड़ रुपए लिए.

### माल उपलब्ध नहीं होने पर राशि वापस मांगी तो दी धमकी

शिकायत के मुताबिक, शुरुआत में कारोबार का भरोसा कायम रखने के लिए जुलाई 2022 तक 28.50 लाख रुपए डिस्ट्रीब्यूटर मार्जिन मनी के रूप में दिए गए. इसके बाद न तो मार्जिन मनी दी गई और न ही डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर कारोबार करने के लिए माल उपलब्ध कराया गया. कमलेश ने मूल राशि वापस मांगी तो आरोपियों पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई. इसके बाद कारोबारी ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की. पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट, लेजर और दोनों पक्षों के बीच हुए पत्राचार की जांच की.

## देर रात दो युवकों पर चाकू से हमला, अज्ञात बदमाश फरार

**इंदौर.** तिलक नगर थाना क्षेत्र में देर रात विवाद के दौरान बदमाशों ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया. हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. पुलिस हमलावरों की पहचान में जुटी है.

संविद नगर निवासी हर्षवर्धन पिता नंदकिशोर उम्र 20 साल और सिमरजीत पिता भूपेंद्र उम्र 32 साल देर रात क्षेत्र से गुजर रहे थे. इसी दौरान कुछ बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और विवाद करने लगे. बातचीत के दौरान विवाद बढ़ा तो आरोपियों ने चाकू निकालकर दोनों पर हमला कर दिया. चाकू के वार लगने से दोनों घायल होकर सड़क पर गिर पड़े. घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है.

# इंस्टाग्राम पर थाईलैंड के सस्ते पैकेज के चक्कर में 43 हजार गंवाए

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** इंस्टाग्राम पर थाईलैंड ट्रिप का सस्ता पैकेज देखकर बुकिंग कराना एरोड्रम क्षेत्र की एक युवती को महंगा पड़ गया. ठगों ने इंडिगो एयरलाइंस से टाई-अप का झांसा देकर फुकेट की यात्रा का फर्जी पैकेज बेच दिया और युवती से 43 हजार रुपए से अधिक ठग लिए. यात्रा के दिन इंदौर एयरपोर्ट पहुंचने पर टिकट फर्जी होने का पता चला. एरोड्रम पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पूर्वा सिंह ने इंस्टाग्राम पर द टूरिंग साइट्स नाम के पेज पर थाईलैंड ट्रिप का विज्ञापन देखा था. विज्ञापन के जरिए संपर्क करने पर आरोपियों ने वॉट्सएप पर बातचीत शुरू की और इंडिगो से टाई-अप होने का दावा किया. इसके बाद आरोपियों ने इंदौर-दिल्ली और दिल्ली-फुकेट की फ्लाइट के साथ ट्रिप पैकेज का इनवॉइस भेजा. युवती ने बुकिंग के लिए अलग अलग किस्तों में आरोपियों द्वारा बताए गए लव गुप्ता के बैंक खाते में करीब 43 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए. 6 जुलाई को यात्रा के लिए एयरपोर्ट पहुंची तो टिकट इनवैलिड बताया गया. इसके बाद उसने आरोपियों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन सभी मोबाइल नंबर बंद मिले. पीड़िता ने एरोड्रम थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है. साइबर सेल की मदद से इंस्टाग्राम पेज, मोबाइल नंबर और जिस बैंक खाते में रकम ट्रांसफर हुई, उसकी जानकारी जुटाई जा रही है.

**एक नजर में** — प्रशासनिक लापरवाही, कमजोर ड्रेनेज सिस्टम और अनियोजित विकास के चलते करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी बनी हुई है जलभराव की समस्या

# कई बस्तियों के रहवासियों के लिए आफत लेकर आती है बारिश

**इंदौर.** बारिश सिर्फ पानी नहीं लाती, बल्कि कई बस्तियों के परिवारों के लिए आफत लेकर आती है. स्थानीय प्रशासन द्वारा जलभराव रोकने के सालों से किए जा रहे दावे, करोड़ों की बनाई जाने वाली योजनाएं और हर मानसून से पहले बड़े पैमाने पर तैयारियां की जाती हैं, फिर बारिश होते ही बस्तियां क्यों डूबती हैं?

यह प्रश्न जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करता है. दरअसल, इसका कारण प्रशासनिक लापरवाही, कमजोर ड्रेनेज सिस्टम और अनियोजित विकास हैं. नतीजतन, हर साल करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी जलभराव की समस्या बनी रहती है



शहर को स्मार्ट और आधुनिक बनाने के दावे वर्षों से किए जा रहे हैं. लेकिन बारिश होते ही तस्वीर बदल जाती है. निचली बस्तियों और नालों-नदियों के किनारे बसे इलाकों में पानी भरना अब मानो हर मानसून की नियती बन चुका है. शहर के द्वारकापुरी, सिकंदराबाद, तिलक नगर, पिपल्याहाना, खजराना, गीता नगर, धार रोड, सिरपुर, भमोरी, मालवा मिल, बियाबानी, सीपी शेखर नगर, टापू नगर, कबूतरखाना, हवा बंगला, कुंदन नगर, पालदा, भागीरथपुरा, परदेशीपुरा, लसूड़िया मोरी और देवास नाका सहित कई क्षेत्रों में तेज बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं. बारिश का पानी घरों में घुसता है तो जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है. कई बार लोगों को स्कूल आंगनवाड़ी और सुरक्षित स्थानों में शरण लेनी पड़ती है. सवाल यह है कि वर्षों से नालों की सफाई ड्रेनेज सुधार और जलभराव खत्म करने के दावे किए जा रहे हैं फिर भी समस्या जस की तस क्यों है?

### यह बोले पार्षदगण...



स्टाप वाटर की फाइल लगाई है, अभी तक पास नहीं की गई. जो लाइन डली है, वह चालू नहीं है. नाले पर जो घर बने हुए हैं, अगर निगम द्वार उन्हें स्थानांतरित कर बाउंड्री वॉल बनाने से लोग प्रभावित नहीं होंगे.

**विनीत मौर्य, पार्षद, वार्ड 23 (परदेशीपुरा)**



बस्तियों के अलावा जहां-जहां जल भराव होता था, वहां पानी की निकासी कर दी गई है. नालों की सफाई हो चुकी है, जेसीबी, ड्रेनेज टीम और आपदा टीम के साथ परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है.

**राकेश सोलंकी, पार्षद, वार्ड 35 (लसूड़िया मोरी)**



एक दो क्षेत्र हैं, जिनमें गार्डन नालों पर बने हुए हैं. नाले उफान होने पर ऐसे स्थानों पर जल जमाव हो जाता है. हालांकि ज्यादा समस्या नहीं होती. नाला सफाई हो चुकी है, आपातकालीन टीम तैयार है.

**राहुल जायसवाल, पार्षद, वार्ड 9 (मरीमाता)**